प्रेस नोट

दिनांक 15.08.2024

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर सत्यनिष्ठा का संकल्प दिलाया, उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए मिष्ठान वितरण कर दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए:-

देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने कैम्प कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित अधि0/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया तथा उपस्थिति अधि0/कर्मचरियों को सत्यनिष्ठा से कार्य करने एवं राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलायी गई व सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक / ग्रह मंत्रालय का प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया व यू0पी0 112 मुख्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारीयों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित अधि0/कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस परिवार के प्रत्येक सदस्यों के साथ ही समस्त जनपद व वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी गयी तत्पश्चात् पर्यावरण संरक्षण हेतु पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के इस कार्य से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला, बल्कि इसे स्वतंत्रता दिवस के साथ जोड़कर एक सकारात्मक संदेश भी दिया गया कि हमें अपनी स्वतंत्रता के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए । इसके उपरांत पुलिस पेंशनर्स की पुलिस सेवा के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की गई व साल व मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया गया।